स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 21.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम मद से वार्ड 26 हाउसिंग बोर्ड में मार्ग संकेतक बोर्ड लगाये जाने की निविदा निकाली गई थी। मेसर्स लोट्स कांट्रेक्टर सुंदर विहार कुरुद भिलाई द्वारा टेंडर प्राप्त कर आधा अधुरा काम किया गया है। अधुरे कार्य को लेकर कई बार कार्यपालन अभियंता ने श्री आर.के. पदमवार द्वारा संबंधित ठेकेदार को निविदा के अनुरुप कार्य करने के लिए पत्र लिखा है, परन्तु ठेकेदार ने निविदा की शर्तों का पालन नहीं किया इसलिए निगम आयुक्त श्री के.एल. चौहान के निर्देश पर जमा की गई धरोहर राशि 3 हजार रुपये राजसात करते हुए भविष्य के लिए निगम के समस्त निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया है। जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर के कार्यपालन अभियंता ने मेसर्स लोट्स कान्टेक्टर को 31 अक्टुबर 2015, 22 जून 2017, 10 अक्टुबर 2017 को पत्र लिख अवगत कराया गया है परन्तु ठेकेदार ने निगम की निविदा शर्तों का उल्लंघन किया है इसलिए निगम के निविदा से भाग लेने से वंचित किया गया है।

जन सम्पर्क अधिकारी

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मजदुरों को लगातार काम दिलाने एवं उचित पारिश्रमिक दिलाने हेतु पं दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत संचालित शहरी आजीविका केन्द्र में इलेक्ट्रीशियन, कारपेन्टर ,प्लंबर, पेन्टर, मजदूर, सुरक्षागार्ड, प्यून, वेटर, केयर टेकर, घरेलु कामकाजी ,मालीश करने वाले, गैस चुल्हा रिपेयर, बढ़ई, माली, आया, कुक, ड्राइवर, हेल्पर, स्टोर कीपर, सेल्समेन, (युवक युवतियॉ) मार्केटिगमेन, कम्पयुटर आपरेटर, ऑफिस वर्क, अकाउंटेन्ट, आदि क्षेत्र के श्रमिकों का बेरीफिकेशन करके उनका चयन किया जाता हैं। एवं सुविधा प्रदान किया जाता है ।

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा हेलो भिलाई शहरी आजीविका केन्द्र का संचालन न्यू बस स्टैण्ड पावर हाउस में किया जा रहा है तथा इस ट्रेड में हितग्राही अपना पंजीयन नियमानुसार 0724207242 एवं 07886992006 में सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। असंगठित शहरी आजीविका केन्द्र के प्रबंधक मेदिनी दुबे ने बताया इन सभी ट्रेडो में नागरिको की अधिकतर मांग आ रहा है जिसकी पूर्ति हेतु केन्द्र कार्य कर रहा है।

जन सम्पर्क अधिकारी